# आकाशवाणी शिमला

**20.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऊर्जा संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की आवश्यकता पर दिया बल।
- हिमाचल प्रदेश भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत पात्र महिलाओं को मकान बनाने के लिए 4 लाख रूपए की वित्तीय सहायता देगी प्रदेश सरकार।
- भाजपा ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का लगाया आरोप– कहा–माफिया के दबाव में काम कर रही है सरकार।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने वैज्ञानिकों व अधिकारियों से किसानों को रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का किया आह्वान।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि हर व्यक्ति को ऊर्जा संरक्षण की दिशा में सहयोग करना चाहिए क्योंकि ऊर्जा संरक्षण निरंतर विकास का एक बड़ा हिस्सा है। राज्यपाल आज शिमला में ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय अभियान–2024 के अंतर्गत सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का विद्युत मंत्रालय, ऊर्जा सरंक्षण के प्रति राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाता है जिसके तहत देशभर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में विजयी होने के लिए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऊर्जा के सभी संसाधनों को हमें संरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण से धन, समय और पर्यावरण सभी को बचाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत सभी पात्र महिलाओं को मकान बनाने के लिए 4 लाख रूपए की वित्तिय सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधवाओं, दिव्यांग महिलाओं और एकल नारियों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की पहल कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाने के लिए महिलाओं को बोर्ड में पंजीकृत होने के साथ ही पिछले एक वर्ष में कम से कम 90 कार्य दिवस पूरे करने चाहिए और उनकी वार्षिक आय 2 लाख 50 हज़ार रूपए से कम होनी चाहिए। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने पात्र महिलाओं को आवश्यक दस्तावेज़ों सहित श्रम अधिकारी के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड विवाह के लिए वित्तीय सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, चिकित्सा देखभाल और विकलांगता व विधवा पैंशन सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की झाजा पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क सहित आधारभूत अधोसंरचना का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। बाद में

स्वास्थ्य मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घैंटी में आयोजित वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा युवाओं को भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सशक्त बनाती है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि महिलाओं का समाज में अहम स्थान है और महिलाओं के उत्थान व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में टुटू खण्ड की महिलाओं के लिए आयोजित महिला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने व उनके अधिकार सुरक्षित रखने के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत आवश्यक है। बाद में उन्होंने मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याएं भी सुनीं। इस बीच विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष विभाग द्वारा बनूटी में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ भी किया। शिविर में करीब 2 सौ 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं।

**पुरस्कार**

हिमाचल प्रदेश राज्य लोड डिस्पैच सैंटर को सचिवालय फोरम ऑफ लोड डिस्पैचर द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने राज्य लोड डिस्पैच सैंटर को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश ने पहली बार ये उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को उत्तरी ग्रिड को मज़बूत करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य चुना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पुरस्कार ऊर्जा प्रबंधन और ग्रिड प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा के दोहन पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है जिससे उत्तरी ग्रिड को और मज़बूत करने व उत्तर भारत के अन्य राज्यों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल भवन की कुर्की और राज्य सरकार के कुप्रबंधन से घाटे मे चल रहे प्रदेश पर्यटन विकास निगम के 18 होटलों पर ताला लगाने के प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में हिमाचल प्रदेश के लोगों को अपमान सहना पड़ रहा है।

**रणधीर शर्मा**

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी और विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार के फैसले और उच्च न्यायालय के निर्णय से ये साबित होता है कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे व हर क्षेत्र में नाकाम सिद्ध हो रही है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार माफिया राज के दबाव में काम कर रही है और सरकार के संरक्षण में माफिया पनप रहा है। रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले कल मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र से ई.डी. द्वारा की गई 2 गिरफ्तारियों से ये साबित हो गया है कि खनन माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय ने हिमाचल भवन दिल्ली को अटैच करने के आदेश दिए हैं जो गम्भीर विषय है लेकिन मुख्यमंत्री अपनी नाकामी को छुपाने के लिए विपक्ष पर दोषारोपण कर रहे हैं।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था और किसानों को स्वावलम्बी बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आज एक कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान व शोध का केन्द्र है जो किसानों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों व अधिकारियों से किसानों को रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने पहाड़ी राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों का एक अलग संगठन बनाकर आवश्यकता अनुसार शोध व अनुसंधान करने पर भी बल दिया।

## कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश के हितों की नीलामी की गई और डबल ईंजन की सरकार ने प्रदेश की संपदा को लुटा दिया। विधायक सुरेश कुमार, रणजीत सिंह राणा और और कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला से जारी एक संयुक्त बयान में कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाज़े बंद करके मात्र एक वर्ष में 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऊर्जा संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की आवश्यकता पर दिया बल।
- हिमाचल प्रदेश भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत पात्र महिलाओं को मकान बनाने के लिए 4 लाख रूपए की वित्तीय सहायता देगी प्रदेश सरकार।
- भाजपा ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का लगाया आरोप– कहा–माफिया के दबाव में काम कर रही है सरकार।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने वैज्ञानिकों व अधिकारियों से किसानों को रबी फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का किया आह्वान।

....................